# चित्रकूट पुलिस

**(1).** “मिशन शक्ति फेज-5.0: का द्वितीय चरण महिलाओं की सुरक्षा व स्वावलंबन की नई पहल- जनपद चित्रकूट में महिला सुरक्षा, सम्मान, स्वालंबन, को समर्पित पुलिस अधीक्षक चित्रकूट श्री अरुण कुमार सिंह के निर्देशन में जनपद के समस्त थानों की एण्टीरोमियों टीम द्वारा “मिशन शक्ति फेज-5.0 के द्वितीय चरण के तहत महिलाओं एवं बालिकाओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरुक किया गया तथा हेल्पलाइन नम्बरों व कानूनी प्रावधान के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

इस अभियान का मुख्य उद्देश्य महिलाओं/बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन सुनिश्चित करना है-

1. जन-जागरूकता एवं शिकायत निस्तारण, स्कूल/कॉलेज, वर्किंग वूमेन हॉस्टल में जागरूकता कार्यक्रम, निम्न आय वर्ग बस्तियों, गांवों, वार्डों, मोहल्लों में चौपाल कार्यक्रम प्रमुख बाजारों, कस्बों व चौराहों पर जागरूकता व शिकायत निस्तारण।

2.महिला बीट पुलिस की भूमिका, प्रत्येक थाना क्षेत्र की महिला बीट पुलिस द्वारा जन-जागरूकता, साइबर अपराध से बचाव एवं साइबर हेल्पलाइन 1930 की जानकारी, महिला समस्याओं का त्वरित निस्तारण।

3.बालिकाओं एवं महिलाओं के लिए विशेष आत्मरक्षा प्रशिक्षण, गुड टच/बैड टच की जानकारी।

महिला/बालिकाओं को सुरक्षा सम्बन्धित सेवाएँ

1076 – मुख्यमंत्री हेल्पलाइन

1090 – वीमेन पावर लाइन

181 – वीमेन हेल्पलाइन

112 – पुलिस आपातकालीन सेवा

102 – गर्भवती महिलाओं एवं नवजात शिशुओं हेतु एम्बुलेंस

108 – सामान्य एम्बुलेंस सेवा

1098 – चाइल्ड लाइन

101 – अग्निशमन सेवा

1930 – साइबर हेल्पलाइन व www.cybercrime.gov.in के बारे में जानकारियां दी गई।

इस दौरान उपस्थित महिलाओं/बालिकाओं को अवगत कराया गया कि सभी थानों में महिलाओ की सुरक्षा/सहायता हेतु एक महिला हेल्पडेस्क बनाया गया है, जहाँ पर महिला पुलिसकर्मी द्वारा महिलाओं की शिकायत सुनी जाती है तथा समय से उनका निस्तारण किया जाता है। इसके साथ ही मौजूद महिलाओं/बालिकाओं को महिला सुरक्षा सम्बन्धी चलायी जा रही हेल्पलाइन नम्बरों के सम्बन्ध में पंपलेट वितरित करते हुए विस्तार से जानकारी देने के साथ ही सभी महिलाओं/बालिकाओं को हेल्पलाइन नम्बर का निर्भीक होकर उपयोग करने हेतु तथा महिलाओ को आत्मनिर्भर बनने व निर्भीक होकर अपने अपने क्षेत्र में कार्य करने/शिक्षा ग्रहण करने के लिये प्रेरित किया गया तथा सोशल मीडिया पर अपनी प्राइवेसी रखते हुये उसका प्रयोग करने के लिये कहा गया। इसी क्रम में महिलाओं/बालिकाओ को जनपद में गठित “एंटी रोमियो स्क्वायड” टीम के बारे में अवगत कराया गया तथा बताया गया कि सादे वस्त्रों में तथा प्राइवेट वाहनों से सार्वजनिक स्थलों, स्कूल, कालेज व कोचिंग संस्थान के आसपास व ऐसे स्थान जहाँ पर महिलाओ एवं बालिकाओ का अधिकतर आवागमन होता है उनको भौतिक रुप से चिन्हित कर शोहदो/मनचलो के द्वारा Eve Teasing इत्यादि आपत्तिजनक हरकतो को रोकने के उद्देश्य से सघन चेकिंग कर लोगो से पूछताछ की जाती है व अनावश्यक रुप से मौजूद शोहदों/मनचलो को हिदायत/कार्यवाही की जाती।

थाना बहिलपुरवा क्षेत्र में दिनांक 22.07.2026 को छात्रा के साथ किये गये गैंगरेप में प्रकाश में दिनांक 24.07.2026 को आये हुए अभियुक्तगण 1. जितेन्द्र उर्फ भोले पुत्र देवराज पटेल निवासी ग्राम कल्ला चौकी शिवरामपुर थाना कोतवाली कर्वी जनपद चित्रकूट 2.विवेक कुमार पटेल पुत्र नरेश कुमार पटेल निवासी रैपुरवा माफी चौकी शिवरामपुर थाना कोतवाली कर्वी जनपद चित्रकूट 3.प्रवीण पटेल पुत्र शिवमूरत निवासी मानपुर थाना भरतकूप हाल पता कल्ला चौकी शिवरामपुर थाना कोतवाली कर्वी की फोटो से लड़के और लड़की ने शिनाख्त किया । जिन पर गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक चित्रकूट द्वारा 25-25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित किया गया। भेजे गये रिपोर्ट के क्रम में उक्त पुरस्कार राशि को पुलिस उपमहानिरीक्षक चित्रकूटधाम परिक्षेत्र बांदा महोदय द्वारा 50-50 हजार रूपये की गयी। मुखविर की सूचना पर दिनांक 25.07.2026 समय 16.50 बजे मड़फा पहाड़ हुडा रोड भरतकूप में अभियुक्त और पुलिस के बीच हुए मुठभेड़ में अभियुक्त जितेन्द्र उर्फ भोले के पैर में गोली लगी जिसे हिरासत पुलिस में लेकर अस्पताल इलाज हेतु भेजा गया। दौरान मुठभेड़ आरक्षी राघवेन्द्र राजपूत घायल हुए को भी इलाज हेतु अस्पताल भेजा गया। अन्य आवश्यक विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घायलों को उपचार हेतु जिला अस्पताल भर्ती कराया गया।
मुठभेड़ में किया गया गिरफ्तार
गिरफ्तार अभियुक्त का नाम-
जितेन्द्र उर्फ भोले पुत्र देवराज पटेल निवासी ग्राम कल्ला चौकी शिवरामपुर थाना कोतवाली कर्वी जनपद चित्रकूट
प्रकाश में आये अभियुक्त-
1.विवेक कुमार पटेल पुत्र नरेश कुमार पटेल निवासी रैपुरवा माफी चौकी शिवरामपुर थाना कोतवाली कर्वी जनपद चित्रकूट
2.प्रवीण पटेल पुत्र शिवमूरत निवासी मानपुर थाना भरतकूप हाल पता कल्ला चौकी शिवरामपुर थाना कोतवाली कर्वी जनपद चित्रकूट
पुलिस मुठभेड़ में घायल आरक्षी राघवेन्द्र राजपूत थाना बहिलपुरवा
अभियुक्त के पैर में लगी गोली